सीखने के लिए बातचीत: प्राथमिक अंग्रेज़ी

हिन्दी (अंग्रेज़ी के साथ)
कमेंट्री: इस प्राथमिक अंग्रेज़ी के पाठ में शिक्षिका, सरल अंग्रेज़ी में एकदूसरे से बात करने के लिए, कक्षा को प्रोत्साहित करना चाहती हैं। ग़लती करने के डर के बिना, विद्यार्थी बोलने के कौशल का विकास कर सकें, यह इन विभिन्न गतिविधियों का मकसद है। **शिक्षिका:** The rat was thin. **विद्यार्थी:** The rat was thin. **शिक्षिका:** But the cat was…? Fat... **विद्यार्थी:** Fat. **शिक्षिका:** But the cat was… **विद्यार्थी:** Fat. **शिक्षिका:** Very good! अभी हम लोग एक छोटासा game खेलेंगे. ठीक है? आपको cards मिलेंगे, और आपको अपने opposites ढूँढने हैं। सब अपने अपने cards अपने मन में बोलेंगे। I have ‘up’, I have ‘in’, I have ‘big’... ठीक है? अब सब अपना-अपना pair ढूँढो, और वहाँ पे बैठ जाओ। बोलते जाओ। बोलते जाओ। I have ‘this’, I have ‘this’. Partner के पास बैठ जाओ। आप लोग कर सकते हैं? दिखा सकते हैं? **विद्यार्थी:** Yes, ma'am.

शिक्षिका: सब अपने partner के पास बैठ जाओ।

और बोल दो।

विद्यार्थी: Ma'am, हम बोलें?

शिक्षिका: वहीँ पर बैठ कर।

विद्यार्थी १: I have 'hot'.

शिक्षिका: Sit, stand. क्या है आप का opposite?

विद्यार्थी २: I have 'sit'.

विद्यार्थी ३: I have 'stand'.

विद्यार्थी ४: I have 'fat'.

विद्यार्थी ५: I have 'in'.

शिक्षिका: अगर नहीं समझ में आये, तो chart की help लो। इस तरीके से हमें question पूछने हैं; और अगर हम English में नहीं भी पूछ पायेंगे, तो कोई दिक्कत नहीं है। हिन्दी में English के words use करके पूछ लो। ठीक है?

कमेंट्री:

अंग्रेज़ी शब्दों वाले card दिए जाते हैं। एक साथी, शब्द के बारे में हिन्दी और अंग्रेज़ी में संकेत देता है, जब कि दूसरा, शब्द का अनुमान लगाने की कोशिश करता है।

विद्यार्थी ६: अरे, मेरा तो बता दो, मैंने तुम्हें बताया है, कि मैं हूँ क्या?

या in हूँ? या sad हूँ? या कुछ हूँ? बताओ?

विद्यार्थी ७: Sad हो

विद्यार्थी ६: नहीं! In.

बताओ। I am like...

विद्यार्थी ७: I am like...

विद्यार्थी ८: Big कि small.

विद्यार्थी ९: I am... I am like... I am like...

विद्यार्थी ८: In कि out?

विद्यार्थी ९: नहीं, I am like... a thing... big या small...

शिक्षिका: आप उसको - इससे मिलता-जुलता कुछ बताओ। कि अच्छा, यह ऐसा है, यह ऐसा है, फिर ये बताएगी कि तुम्हारे पास यह है।

विद्यार्थी १०: मेरे पास एक घर है। दो खिड़की हैं, एक दरवाज़ा है, घास है...

शिक्षिका: इतना घर है, कि इतना घर है?

विद्यार्थी १०: छोटा है।

विद्यार्थी ११: Small?

शिक्षिका: याद हो गया है? क्या याद हो गया है?

विद्यार्थी ११: I am चाय गरम, I am कॉफ़ी गरम, I am... I am... खीर गरम...

अब तुम बोलो। मैंने इतना बोल दिया। ऐसा मेरे का बताओ, मेरे का।

विद्यार्थी १०: I am चाय गरम...

विद्यार्थी १२: एक house है, यानि घर। बड़ा है, उसकी सारी चीज़ें, जितनी चीज़ें हैं वो house के बाहर हैं, बाहर हैं। यानि एक-हौ चीज़ उसके - house के अन्दर नहीं है। बताओ, उसका क्या होगा?

विद्यार्थी १३: House के सारी बाहर हैं? सब पड़ी हैं ऐसे ही? Out. Out.

शिक्षिका: कौन यहाँ पर देगा presentation?

विद्यार्थी: Ma'am, मैं, मैं।

कमेंट्री:

इस खेल को समझने में, सभी विद्यार्थियों की मदद करने के लिए, आप शुरू में दो विद्यार्थियों को इसे प्रदर्शित करने के लिए कह सकते हैं।

शिक्षिका: एक मिनट, एक मिनट, आ जाओ समीर! समीर और इरफ़ान!

विद्यार्थी १२: एक house है। बहुत छोटा है। उसके दरवाज़े, खिड़की भी सब छोटे हैं। पेड़ भी सब छोटे हैं।

शिक्षिका: उसका कौन सा opposite है? बताओ?

विद्यार्थी १३: Small.

शिक्षिका: Very good, क्या बताया?

विद्यार्थी १३: Small.

शिक्षिका: बहुत अच्छा, ये लोग पहली बार यहाँ आये हैं - यहाँ पर! इन लोगों के लिए clap कर दो! इरफ़ान और इसके लिए!

कमेंट्री:

जोडियों मे सहजता से बात करने के बाद, सबसे शांत बच्चे भी कक्षा को संबोधित करने की हिम्मत जुटा पाते हैं। सोचिये, अंग्रेज़ी में नए शब्दों का उपयोग करने के लिए, आप अपने विद्यार्थियों को बात करने के, और क्या-क्या अवसर दे सकते हैं?